## 51 सीटों पर प्रत्याशी देगी ओवैसी की पार्टी

**रांची।** झारखंड में होने वाले विस चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम 51 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी. मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर ने इसकी घोषणा की. उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा है. मो शाकिर ने कहा कि सामान विचारधारा वाले दलों से भी बातचीत चल रही है, जल्द ही गठबंधन पर भी निर्णय लिया जाएगा. वहीं, सूबे की गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार में शामिल दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं. कांग्रेस और झामुमो ने अपने घोषणा पत्र में शामिल अधिकांश वादों को पूरा नहीं किया.

# दिल्ली में हेमंत सोरेन ने खरगे व राहुल गांधी से मुलाकात की


दिल्ली में राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करते सीएम हेमंत सोरेने व विधायक कल्पना सोरेन.

**ब्यूरो प्रमुख।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं विधायक कल्पना सोरेन भी मैजूद थी. सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली में नए झारखंड भवन का उद्घाटन करने के सिलसिले में दिल्ली में हैं.

इस मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी से और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करनी थी, लेकिन समय नहीं मिल रहा था. आज समय मिला, तो हमने उनसे एक शिष्टाचार मुलाकात की. जब उनसे पूछा गया कि चुनाव को लेकर कुछ चर्चा हुई तो उन्होंने कहा, हां चुनाव पर चर्चा किया जाना है. चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई. जातीय जनगणना को लेकर किए गये सवाल पर हेमंत ने कहा, कुछ लोगों का काम है बयान देना, उनको बयान देने दीजिए. हमें अपना काम करना है, जो हम कर रहे हैं. हमलोग मजबूती के साथ सरकार चला रहे हैं.

## मिया-बीवी और वो...जै-जै हो तिकड़ी की...जंगले-जंगल छिछिया रही

**संजय सिंह**

**चुनावी चकल्लस**

एगो नेताजी हैं, लोकसभा चुनाव ले पहिले बीबी संग पंजा मरोड़ कर कमल खिलाये लगी घुसिया गये. लेकिन सिंहभूम की जनता ने ताड़ लिया, साहिब की सहबाइन को नाप लिया. मौके देख कर चौका लगावे के चक्कर सहबाइन, मलिकाइन को लोगों ने ऐसी पटकनिया दी कि पूछिए मत. सहबाइन चुनाव में औंधे मुंह गिरीं. जो विधानसभा क्षेत्र सहबाइन का कर्मक्षेत्र रहा था, वहां के लोगों ने भी उनको अइसन धूल चटाया कि पूछिए मत. अब सहबाइन को उनके ही समाज के लोगों ने रिजेक्ट कर दिया, तो अपने शौहर संग सहबाइनजी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं. लगता है कमल ब्रांड बड़का नेताजी लोग ने भरोसा दिया है. वइसे भी भाजपा के बड़कन नेताजी लोग ढेरे अकबकाइल हैं. ऊ लोग हर हाल में कोल्हान और संथाल के आदिवासी आरक्षित सीट पर कमल खिलावे ला ब्याकुल हैं. खेबे तिकड़मबाजी हो रही है. एगो टाइगर को लोग ले ले आया है. अब कमल छाप आयातित नेताजी को लगे लगा है कि मिया-बीबी और वो मिलकर कोल्हान में बेड़ा पार लगावेगा. कहते हैं न, निया-निया मुर्गीया लहसुन ढेरे खाती है. तो अभी इ मिया-बीबी और वो की तिकड़ी भी खूब टरटराइले है. कमल छापा आयातित नेताजी लोग उनके कांधा पर बूंदक रख कर हेमू राजा के खिलाफ गोली दागले हैं.

उधर मिया-बीबी और वो की हालत पतली है, तीनों अब केसरिया पट्टा लपेटले कोल्हान के जंगल-जंगल में छिछिया रहे हैं. बड़का चुनाव में सहबाइन जी औंधे मुंह पटकाईं, तो तनिका लजाइल भी हैं. मिया साहिब भी लजाइले ही हैं. तो अब नयका-नयका ऊ कथित टाइगर के साथे-साथ कोल्हान में जेने-तेने कीचड़ खोजले हैं, ताकि कमलवा को खिला सकें. अब तो इज्जत का भी सवाल है. कमल के आयातित नेताजी लोगन भी इ मिया-बीवी और वो के साथे-साथे संताल के एगो एंग्री ओल्डमैन के सहारे हेमू राजा को जनजातीय सीटों पर पटकनिया देवे लगी तड़पड़ाइल हैं. लेकिन कोल्हान की तिकड़ी और संथाल के एंग्री ओल्ड मैन कितने कारगर होंगे, ई तो वक्त बताएगा, लेकिन कमल के आयातित नेताजी लोग ई लोग का एतना उपयोग करेंगे कि फिर ई लोग कहीं ऐने-ऊने मुंह न मार सकेंगे. मतलब ऊ लायक ई लोगों को छोड़ा ही नहीं जाएगा.

मिया-बीवी और वो यदि कोल्हान में कमल खिलावे में पिछुवा गए, तो फिर तो आप जानते ही हैं, कमल के महासमुद्र में ई लोग केने रहेगा, कुछो कहा नहीं जा सकता है. वइसे तिकड़ी भी जोर लगाइले है, इ लोग को भी पता है कि विस चुनाव में कोल्हान में कमलवा खिलावे में फेल हुए, तो फिर तो पार्टिया में झोलटंगा बना के रख देगा. वइसे भी कमल के आयातित नेताजी लोग को भरोसा है कि कि तीनो मिलकर तीन-चार गो सीटवा भी जीतवा देंगे, तो प्लस होगा. वइसे चर्चा है वो टाइगर बाबू के बेटाजी के भी कोनो लफड़ा-उफड़ा है शायद. इसलिए उन पर भी चांत चढ़ाने की चर्चा है. लेकिन जो भी हो... ई तिकड़िया अभी तो इज्जत बचावे लगी जंगले-जंगले छिछिया ही रही है.

## आइएएस मनीष रंजन को मिला नेशनल अवॉर्ड फॉर ई-गवर्नेंस


प्रशस्ति पत्र लेते आईएएस मनीष रंजन

- पेयजल सचिव रहते झारखंड में झार जल योजना को बेहतर ढंग से किया था लागू

**संवाददात ।रांची**

झारखंड कैडर के आइएएस मनीष रंजन को नेशनल अवार्ड फॉर ई-गवर्नेंस के अवार्ड दिया गया है. मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह अवार्ड दिया गया. मनीष रंजन को यह अवार्ड झार जल योजना को झारखंड में बेहतर ढंग से लागू करने के लिए दिया गया है. पेयजल विभाग के सचिव पद पर काम करते हुए मनीष रंजन ने झारखंड में झार जल योजना को लागू कराया था. उनके इस काम के लिए भारत सरकार ने भी सराहना की थी. इस अवार्ड को देने से पहले भारत सरकार की टीम ने बिना किसी को सूचना दिए झारखंड के कई इलाकों का दौरा किया था. टीम में भारत सरकार के उप सचिव, अवर सचिव रैंक के अफसर थे. टीम ने बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और पलामू के कई क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर झारखंड में जल नल योजना की स्थिति का आकलन किया था. जिसके बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी थी. जमीन पर योजना की हकीकत को जानने के बाद ही मनीष रंजन को इस अवार्ड के लिए चुना गया.

## आज से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

- महिला पर्यवेक्षिका की 444 पदों के लिए होगी परीक्षा
- रांची, बोकारो, धनबाद व जमशेदपुर में परीक्षा आठ सितंबर को

**संवाददाता।रांची**

झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा आठ सितंबर को होगी. कुल 444 पदों के लिए परीक्षा होगी. परीक्षा के लिए रांची, बोकारो, धनबाद और जमशेदपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. तीन सितंबर से परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकेगा. एडमिट कार्ड, झारखंड राज्य कर्मचारी सेवा आयोग के वेबसाइड से डाउनलोड किया जा सकता है. आयोग की ओर से सूचना जारी कर कहा गया है कि अगर किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में किसी भी तरह की समस्या हो तो आयोग में संपर्क कर सकती हैं. बताते चलें कि पहले यह परीक्षा जुलाई में होनी थी. लेकिन बाद में झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी किया. इसी संशोधित कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा आठ सितंबर को ली जा रही है.

### 18 मुख्य मुद्दों पर पुलिस लोगों की समस्याएं सुन करेगी समाधान

# पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से

**संवाददाता।रांची**

झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी. डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरुआत 10 सितंबर से होगी. जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्याएं सुनी जाएंगी और उसे दूर करने में उनकी मदद की जाएगी. कार्रवाई योग्य शिकायत का त्वरित निदान करना और पुलिस द्वारा बनायी जा रही सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रदर्शित करना इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है. साथ ही नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना भी कार्यक्रम का उद्देश्य है.

## जानिए... इन 18 तरह के मामलों का होगा समाधान

- क्षेत्र से गुमशुदा बच्चों के संबंध में जानकारी लेना व मामला दर्ज करना.
- महिलाओं और छात्रों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करना.
- आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में जानकारी देना.
- नए अपराधिक कानून और जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी देना.
- आम जनता को डायल 112 के बारे में विस्तार से जानकारी देना
- साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना.
- कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसी संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना.
- क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध की घटना और चीटफंड कंपनी की जानकारी प्राप्त करना.
- क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है.
- पुलिस,थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना.
- जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर इससे पीड़ित के बारे में जानकारी लेना इसमें शामिल अपराधियों पर कार्रवाई.
- जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषी पर कार्रवाई करना.
- जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करेंगे.
- जहां पर ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी जानकारी लेकर इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई.
- ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करना.
- डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी उन शिकायतों पर ध्यान देंगे, जिनमें निर्दोष को फंसाने व दोषी को छोड़ने की बात आए. ऐसे मामलों की दुबारा जांच होगी.
- संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना.

## थानेदार पर कार्रवाई नहीं करने वाले एसपी पर होगी कार्रवाई

- जिला के पुलिस अफसरों के बारे में मिलने वाली शिकायतों को प्रमंडलीय डीआईजी देखेंगे

**वरीय संवाददाता ।रांची**

काम में लापरवाह और गलत कार्य में शामिल थानेदारों पर कार्रवाई नहीं करने वाले एसपी पर भी गाज गिरेगी. इस बारे में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अगर किसी जिले में थाना प्रभारी किसी निर्दोष को परेशान कर रहा है या किसी दोषी को पैसा लेकर छोड़ रहा है, तो वैसे थाना प्रभारी पर जिले के एसपी को कार्रवाई करनी चाहिए.

अगर उस जिले के एसपी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, तो उन पर भी कार्रवाई होगी. डीजीपी बताया कि जिले के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों को उस रेंज के डीआईजी खुद देखेंगे.

**एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी पर भी होगी कार्रवाई :** उल्लेखनीय है कि पुलिस की छवि को बेहतर और पब्लिक फ्रेंडली बनाने की दिशा में डीजीपी ने हाल में कई फैसले लिए हैं. दो दिन पहले उन्होंने एक आदेश जारी किया था कि एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले या इसे लेकर टालमटोल करने वाले थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी. जारी आदेश के मुताबिक आम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई होगी.

### शिकायत नहीं सुनी तो हटेंगे अफसर

डीजीपी ने कहा कि कोई ऐसा अधिकारी जो आम जनता की शिकायत नहीं सुन रहा है और यह मामला अगर मुख्यालय के संज्ञान में आया तो उस पुलिस अधिकारी को उस स्थान से हटा दिया जायेगा. आम जनता से पुलिस विभाग का कमिटमेंट है. जनता की शिकायत और समस्या को सुनना और उसे दूर करना. हम इस कमिटमेंट से पीछे नहीं हट सकते.

## अजय के परिजन को बाबूलाल ने दी एक लाख की सहायता राशि


ओरमांझी के जिराबर गांव में मृतक के परिजन से बात करते बाबूलाल मरांडी.

**संवाददाता।रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को ओरमांझी प्रखंड के जिराबर गांव पहुंचे. वहां बाबूलाल ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ में अपनी जान गंवा चुके अजय कुमार महतो के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली. संवेदना प्रकट करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की सहायता राशि भी दी. साथ में प्रदेश भाजपा के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी थे.

**झामुमो के प्रवक्ता और पूरा तंत्र झूठ फैला रहे हैं :** बाबूलाल मरांडी ने 'एक्स' कर पोस्ट कर कहा है कि कल से सीएम, उनका पूरा सूचना तंत्र, झामुमो के प्रवक्ता और आईटी सेल वाले झूठ फैला रहे हैं. कहा जा रहा है कि उत्पाद सिपाही भर्ती में लिखित परीक्षा से पहले दौड़ का नियम भाजपा ने लाया. लेकिन, सच तो यह है कि भाजपा सरकार की नियमावली के अनुसार पहले लिखित परीक्षा होगी, उसके पश्चात सफल अभर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए दौड़ आयोजित की जाएगी. इस नियम को आपकी सरकार ने बदला. आपलोगों की झूठ और लूट बार-बार पकड़ी जा रही है. झारखंड के लोग आगे आपके झांसे में आने वाले नहीं हैं. आपके सारे गलत कार्यों का हिसाब आगामी चुनाव में आपको सत्ता से बाहर कर जनता चुका लेगी.

## हरिन्द्रानंद जी की दूसरी पुण्य स्मृति दिवस आज

**रांची ।** प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरिन्द्रानंद जी का द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस चार सितंबर को है. इस मौके पर शिव शिष्य परिवार की तरफ से पुराना विधानसभा के गेट-एक के पास पुष्पांजलि सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 15 हजार शिव शिष्य-शिष्याओं के भाग लेने की संभावना है. यह जानकारी शिव शिष्य परिवार के कन्हैया सिंह ने दी.

**खबरें हाईकोर्ट की**

## जितेंद्र, अमलेश व विनोद की उम्र कैद की सजा निरस्त

**संवाददाता।रांची**

**श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्याकांड**

जमशेदपुर के चर्चित व्यवयासी और श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे तीनों आरोपियों जितेंद्र कुमार सिंह, अमलेश कुमार सिंह एवं विनोद कुमार सिंह को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने मंगलवार को तीनों की उम्र कैद की सजा निरस्त कर दी है. मामले में हाईकोर्ट में आरोपियों की ओर से दायर क्रिमिनल अपील पर पिछले 13 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. मंगलवार को कोर्ट ने सुरक्षित फैसला सुनाया. इससे सजायफ्ता जितेंद्र सिंह ,अमलेश सिंह एवं विनोद सिंह को बड़ी राहत मिली है.

**वर्ष 2007 में गोली मारकर आशीष डे की हत्या कर दी गयी थी :** ज्ञात हो कि व्यवसायी व श्रीलेदर्स के मालिक अशीष डे की दो नवंबर 2007 को जमशेदपुर के आमबागान के पास गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी. मामले को लेकर व्यवसायी आशीष डे की पत्नी सहित छह लोगों की गवाही हुई थी. जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय ने तीनों आरोपियों जितेंद्र सिंह, अमलेश सिंह एवं विनोद सिंह को हत्या का दोषी पाते हुए 17 सितंबर 2011 को तीनों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी. निचली अदालत से सुनायी गयी सजा के खिलाफ इन तीनों की ओर से हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील याचिका दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई 13 अगस्त 2024 को पूरी हो गयी थी. दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था.

## उग्रवादी जेठा और सनातन की उम्र कैद की सजा निरस्त

**संवाददाता ।रांची**

**मनोज महतो हत्याकांड**

पीएलएफआई जोनल कमांडर जेठा कच्छप व एक अन्य उग्रवादी को निचली अदालत से मिली आजीवन कारावास की सजा को हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया है. खूंटी के मनोज महतो हत्या कांड में निचली अदालत ने जेठा कच्छप और सनातन स्वासी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. दोनों ने हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी. उल्लेखनीय है कि आठ अक्टूबर 2011 को पीएलएफआई के उग्रवादियों ने खूंटी बाजार में मनोज महतो की हत्या कर दी थी. हत्या को लेकर खूंटी थाना में कांड संख्या- 64/2011 दर्ज किया गया था. इस हत्याकांड में जेठा कच्छप व सनातन स्वासी का नाम सामने आया था.

दोनों पीएलएफआई के उग्रवादी थे. घटना के काफी दिनों बाद पुलिस ने जेठा कच्छप और सनातन स्वासी को गिरफ्तार किया था. दोनों को खिलाफ पुलिस ने अदालत में च ार्जश ीट दाखिल की थी. ट्रायल के बाद निच ल ी अदालत ने सात मई 2022 को दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी.



## रंजीत सिंह कोहली की जमानत याचिका खारिज

**संवाददाता ।रांची**

**तारा शाहदेव मामला**

नेशनल लेबल की शूटर तारा शाहदेव के मामले में हाई कोर्ट ने रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है. रंजीव कोहली पर तारा शाहदेव का धर्मपरिवर्तन कराने की कोशिश करने के साथ-साथ यौन उत्पीड़न और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है. निचली अदालत ने रंजीत कोहली को उम्र कैद की सजा सुनायी है. निचली अदालत के फैसले के खिलाफ रंजीत कोहली ने हाई कोर्ट ने याचिका दाखिल किया था, जिसे मंगलवार को अदालत ने खारिज कर दिया.

रंजीत कोहली की तरफ से बहस करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि तारा शाहदेव और रंजीत कोहली दोनों पति-पत्नी की तरह रहते थे. इसलिए रंजीत कोहली के खिलाफ दुष्कर्म का मामला नहीं बनता है. इसलिए रंजीत कोहली को जमानत दी जाये.

उल्लेखनीय है कि इसी मामले में तारा शाहदेव के बयान पर हाई कोर्ट के तत्कालीन रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था. अदालत ने उन्हें 15 साल की सजा सुनायी थी. जिसके बाद हाई कोर्ट ने उन्हें नौकरी से बरखास्त कर दिया था.

## शराब घोटाला के आरोपी योगेंद्र तिवारी को हाईकोर्ट से मिली बेल

**संवाददाता।रांची**

शराब घोटाला के आरोपी कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने हाईकोर्ट से से जमानत मिल गई है. तिवारी ने जमानत के लिए याचिका दायर की थी. हाईकोर्ट की एकल पीठ ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत दे दी है. ज्सज्ञात हो कि से पहले पीएमएलए कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था. ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि योगेंद्र तिवारी ने बालू की तस्करी और अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री से अर्जित पैसे शराब के कारोबार में निवेश किया था. मामले में ईडी ने 8/2023 के तहत मामला दर्ज किया था. 19 अक्टूबर 2023 को ईडी ने पूछताछ के दौरान योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया और उन्हें 14 दिनों तक रिमांड पर रखा था. इसके बाद उन्हें जेल भेजा गया. योगेंद्र तिवारी ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर प्राप्त किया था.

**क्लासिफाइड**


















## ब्रीफ खबरें

### प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला हुआ आयोजित

**उंटारी रोड( पलामू )।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया. जिसमें खरीफ मौसम में लगने वाले फसल एवं उसके रख रखाव के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया. खेती की तकनीकी जानकारी देते एफपीओ प्रतिनिधि रवि रंजन जी ने किसी भी बीज को लगाने हेतु बीजोपचार करने की सलाह दिया. कर्मशाला में उपप्रमुख खोखन राम,कृषि मित्र शंकर राम, राम कृष्ण मेहता, अखिलेश दीक्षित,रमेश चौधरी,दुर्गेश मेहता शामिल थे.

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बांटा गया नोटबुक

**पाटन (पलामू) ।** पाटन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में 206 छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक का वितरण किया गया. वर्ग एक और दो के छात्रों को प्रति छात्र तीन नोटबुक, वर्ग 3 से 5 के छात्रों को पांच नोटबुक तथा वर्ग 6 से 8 को 10 नोटबुक का वितरण किया गया.मौके पर वार्ड सदस्य सोनी देवी, संयोजिका कांति देवी, सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे . बच्चों को सरकार द्वारा दी गई सामग्री समय से वितरण किए जाने पर बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ती है.

### ग्रामीणों ने मांगें विधायक से दो ट्रांसफार्मर

**मेदिनीनगर ।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के पंचायत डबरा के ग्राम कुबुआ और ग्राम ऐरुआ में दो नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग वहाँ के ग्रामीण जनता ने की है. इस संबंध मे दोनों गांव के ग्रामीणों ने विधायक डॉ कुशवाहा शाशिभूषण मेहता से मिलकर नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड स्थित मौर्या फार्म हाउस में आवेदन दिया. डॉ मेहता ने दोनों गांव के ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाएगा. मौके पर सलेश उरांव,निलेश उरांव, कुलदीप उरांव,कमेश उरांव,नागेंद्र उरांव, समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### लायंस क्लब ऑफ का ट्रॉमा ट्रेनिंग कैंप 6 को

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा एवं सीपीआर कैम्प का आयोजन करेगा. कैम्प 6 सितंबर को स्थानीय पुलिस लाइन रोड़ स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में आयोजित होगा. क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि इस गोल्डन ऑवर ट्रॉमा एवं सीपीआर कैम्प में पलामू जिला प्रशासन और पुलिस बल के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा स्कूलों के वार्डन और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे. सीपीआर की आम जीवन में उपयोगिता को रेखांकित करते हुए डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि अक्सर बुजुर्ग, दिल के मरीज या दुर्घटना के शिकार लोग जानकारी के अभाव में दम तोड़ देते हैं जिन्हें आसानी से बचाया जा सकता है.

### वाहन चेकिंग में 11 मोटरसाइकिल जब्त

**मेदिनीनगर ।** रेडमा चौक एवं कचहरी चौक पर ट्रेफिक इंचार्ज समाल अहमद के नेतृत्व में वाहनों का सघन जॉच अभियान चलाया गया. इस दौरान कुछ मोटरसाइकिल के चालक बिना हेलमेट, लाइसेंस एवं ट्रिपल लोड बाईक चला रहे थे. जिनके बाईक को जप्त कर शहर थाना लाया गया. जानकारी के अनुसार करीब 11 मोटरसाइकिल को जब्त कर उसकी सूची परिवहन कार्यालय में फाइन के लिए भेजा गया.

### गढ़वा के डंडई देवी धाम चौपाल दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

# दुर्गा पूजा में होंगे नौ दिन विविध कार्यक्रम,जुटेगी भीड़

**संवाददाता । डंडई(गढ़वा)**



डंडई के देवी धाम चौपाल के प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की. बैठक में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया. इसके पश्चात सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से राम प्यारे सिंह को अध्यक्ष, राजेश प्रसाद गुप्ता एवं विवेकानंद कुशवाहा को कार्यकारी अध्यक्ष, ऋषिराज कुमार को सचिव और विवेक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया. साथ ही शशि भूषण मेहता, सानू कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार रवि, अनिमेष कुमार, अजय कुमार सिंह, मोतीलाल कुमार, बच्चन देव प्रजापति, राजू कुशवाहा, आरके राजा, ओमप्रकाश प्रजापति को सदस्य बनाया गया है. मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नवरात्रि पर भव्य दुर्गा पंडाल का निर्माण कराने, एकम को भव्य कलश शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकालने, एकम से नवमी तक दिन में नवाह्यप्राण पाठ का आयोजन एवं रात्रि में नाटक मंचन का कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया. कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दशमी को सुबह 10 बजे से कन्या पूजन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा. वहीं दोपहर 3 बजे से भव्य झांकी के साथ रावण का पुतला दहन का कार्यक्रम अंबेडकर चौक परिसर में किया जाएगा. जिसके बाद दशहरा मिलन समारोह का आयोजन तथा रात्रि में दस बजे से भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा. बैठक में उप प्रमुख प्रतिनिधि राम आशीष प्रसाद, पश्चिमी भाग के बीडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, सुभाष चंद्र मेहता, अशोक प्रसाद गुप्ता, सकलदीप राम, कृष्ण प्रसाद गुप्ता, रामचंद्र प्रजापति, नंद गोपाल सिंह, रंजन वर्मा, आशीष कुमार राणा, रामकिशुन ठाकुर, अलख निरंजन प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, लालमुनि यादव, दिलबर राम, विजय मेहता, हरिशंकर ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे.

### बड़की बैरिया चैंपियन क्लब की नई कमेटी गठित

**मेदिनीनगर ।** दुर्गापूजा आयोजन को लेकर बड़की बैरिया चैंपियन क्लब डाल्टनगंज की देवी मंदिर परिसर में बैठक हुई . बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया . बैठक की अध्यक्षता कृष्ण गोपाल शर्मा व संचालन मीडिया प्रभारी सुमित पाठक ने किया . नई कमेटी में कमेटी का संयोजक मनीष सिंह, ग्रीन सिंह व चंदन सिंह, गोपाल शर्मा को अध्यक्ष व अक्षय सिंह मुख्य पुजारी सपरिवार शामिल होंगे . कमेटी में उपाध्यक्ष आशीष सिंह, अवध राम, जितेंद्र सिंह, राजन सिंह, अमित सिंह, गुंजन सिंह, महासचिव की जिम्मेदारी पंकज सिंह, ऋषि सिंह, मुकेश सिंह, सुभाष शर्मा, शक्ति सिंह, सचिव विकास सिंह, रोहित कुमार, भरत कुमार, कमलेश शुक्ला, शुभम दुबे, चंदन गुप्ता, पवन कुमार सिंह व नागेंद्र राम को बनाया गया है . कोषाध्यक्ष प्यारी सिंह, टुनटुन सिंह, जीतू कुमार, धर्मेंद्र चंद्रवंशी व मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सुमित पाठक, स्वागताध्यक्ष लालमोहन सिंह, सीबी सिंह सदस्य बनाये गये है .

### डीसी ने की राशन वितरण संबंधी समीक्षात्मक बैठक

# लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**संवाददाता । गढ़वा**



गढ़वा में अनाज वितरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक करते डीसी.

**खास बातें**

- दुकानदारों की परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की
- लाभुकों के अनाज वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की

डीसी शेखर जमुआर ने मेराल प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ उनके द्वारा राशन वितरण किए जाने संबंधित समीक्षात्मक बैठक की. बैठक में डीसी ने राशन वितरण के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने संबंधित निर्देश दिया. साथ ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को हो रही परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की. जिस पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने ई-पॉस मशीन एवं तराजू में आ रही परेशानियों के बारे में बताया. साथ ही मशीन की बैटरी, चार्जर खराब होने की बात भी बतायी. इस संदर्भ में डीसी ने मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया. साथ ही डीसी ने पीवीटीजी डाकिया योजना, धोती साड़ी वितरण योजना, एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस अंतर्गत खाद्यान्न वितरण समेत अन्य की समीक्षा की. डीसी ने कहा कि राशन वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रभारी एवं मेराल प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे.

## ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की जिलास्तरीय बैठक संपन्न

**संवाददाता । मेदिनीनगर**



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी.

पलामू समाहरणालय में मंगलवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की बैठक हुई. बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिये क्या-क्या किया जा सकता है इस पर विस्तार से चर्चा की गई.बोर्ड की सदस्य आयशा सिंह किन्नर ने कहा कि हमारे समुदाय की नयी पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आवश्यक है कि वे शिक्षित हों और समाज हमारे प्रति अपना दृष्टिकोण बदले जिससे हमारे ट्रांसजेंडर समाज का विकास हो. उन्होंने अपने समुदाय का आवश्यक दस्तावेज बनवाने पर बल दिया.

इस पर डीसी श्री रंजन ने सभी संबंधितों को एक तिथि तय कर विशेष शिविर के माध्यम से सभी का राशन, आधार व वोटर कार्ड बनवाने की बात कही. आयशा सिंह ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिये गरिमा गृह के निर्माण का भी अनुरोध किया. इस पर डीसी श्री रंजन ने उन्हें आश्वत किया कि ज़मीन तय होने के पश्चात निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी. वहीं ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए निजी आवास का भी निर्माण किया जायेगा.आयशा सिंह ने असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का भी मुद्दा उठाया इस पर सदर एसडीपीओ को उचित कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया. बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी, आयशा सिंह किन्नर, सपना किन्नर आदि उपस्थित थे.

### सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर पर उठ रहे है कई सवाल

**सिमडेगा ।** सिमडेगा सदर अस्पताल में कांग्रेस आदिवासी नेता दिलीप तिर्की ने निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था की हालत देख कहा है कि यहां डायलिसिस करने वाले मरीजों के सिर पर हमेशा खतरा मंडराते रहता है. ये यहाँ ठीक होने आते या यहाँ से बीमारी लेने. सिमडेगा सदर अस्पताल का डायलिसिस सेंटर काफी जर्जर हो गया है. एक तरफ जहां इस डायलिसिस सेंटर भवन की फर्श धंस गई है. वहीं इस भवन की छत पानी सीपेज करने के कारण जगह जगह से उखड़ गई है. जिससे डायलिसिस करने आए मरीजों पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है. कभी भी छत का मलबा मरीजों के सिर पर गिर सकता है. यही नहीं लगातार पानी सीपेज के कारण यहां डायलिसी करने आए मरीजों को इन्फेक्शन का खतरा भी बना रहता है. मतलब आए एक रोग का इलाज करवाने और सौगात में मिले कई और रोग.

### अनियमितता के खिलाफ आपसू ने दिया धरना

**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ (आपसू) की विवि ईकाई ने धरना दिया. अध्यक्षता विवि संयोजक शालिनी अग्रवाल और संचालन जीएलए कॉलेज अध्यक्ष साहिल गुप्ता ने किया. आपसू प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने कहा कि विवि में शैक्षणिक अराजकता चरम पर है. प्रवेश, परीक्षा और परिणाम सभी में घोर अनियमितता है. शालिनी अग्रवाल ने परीक्षा परिणाम घोषित होने में देरी और सत्र देर से शुरू होने के लिए परीक्षा नियंत्रक को दोषी ठहराते हुए उनसे इस्तीफा की मांग की. जेएस कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने कहा कि स्नातक में नामांकन में घोर अनियमितता बरती गई है.

## न्यूज अपडेट

### पांकी पहुंचे लाल सूरज, हुआ स्वागत



**पांकी (पलामू) ।** रांची कांग्रेस भवन में पांकी विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद लाल सूरज पांकी पहुंचे. यहां कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया. पांकी विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाल सूरज ने कहा कि पिछले कई वर्षों तक मैंने भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम किया. इसके बावजूद मान सम्मान नहीं दिया गया और ना ही भाजपा पार्टी में कोई विकास मुद्दों को लेकर बात किया जाता है. इसलिए उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के निर्णय लिया. लाल सूरज ने अपने पिता स्वर्गीय मधु सिंह के संघर्षों के बारे में बात करते हुए कहा कि हमारे पिता जी एक संघर्षशील व्यक्ति थे. इधर लाल सूरज का कांग्रेस में शामिल होने पर पांकी विधानसभा में खुशी की लहर है.

### नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की दी जानकारी



**लातेहार।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के पांडेयपूरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी. बता दें कि पांडेयपूरा पंचायत में चार सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की. संस्था के कलाकार बसंत कुमार व युगेश्वर ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है.

### उपायुक्त ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**लातेहार।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में संपन्न हुई साउथ एशियन ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में लातेहार जिले के चार पदक विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त गरिमा सिंह ने सम्मानित किया. उपायुक्त ने पदक विजेता खिलाड़ी अक्षय कुमार सिंह, अभिषेक एक्का, शौर्य राज व जीतू उरांव को मंगलवार को सम्मानित किया और उनकी हौसला अफजाई की. जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार तथा लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने अपने-अपने कार्यालयों में इन चारों खिलाड़ियों को बुलाकर सम्मानित किया. पदाधिकारियों द्वारा इस तरह से सम्मानित किए जाने से सभी खिलाड़ी बहुत प्रसन्न दिखायी पड़े.

### श्री रामचरितमानस महायज्ञ अधिवेशन तीन से




**लातेहार ।** श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का 51वां अधिवेशन शारदीनय नवरात्र के पहले दिन तीन अक्टूबर से प्रारंभ होगा. आयोजन की तैयारियों को लेकर शहर के प्रबुद्ध जनों की एक बैठक महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में अशोक कुमार महलका के आवासीय परिसर में आयोजित की गयी. बैठक में पूर्व की कमिटी को यथावत रखने का निर्णय लिया गया. महासमिति के मंत्री सुनील कुमार शौडिक ने बताया कि श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का शुभारंभ तीन अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा. नवमी तिथि तक श्रीरामचरितमानस का पाठ किया जायेगा. महायज्ञ के दौरान प्रत्येक रात्रि में अयोध्या के मानस विद्वानों के द्वारा संगीत में प्रवचन किया जाएगा. 12 अक्टूबर को हवन के साथ यज्ञ का समापन होगा.

### धनंजय ने हुसैनाबाद व विश्रामपुर पर दावेदारी पेश की



**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिला के हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा व विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने विस चुनाव लडने का दावा पेश किया है। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर रांची में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक के पूर्व कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ानकर, प्रकाश जोशी व पूनम पासवान के समक्ष धनंजय तिवारी ने हुसैनाबाद हरिहरगंज व विश्रामपुर विस से अपनी दावेदारी पेश की है। धनंजय तिवारी ने कहा है कि उन्होंने स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष यह बात रखी है कि हुसैनाबाद व विश्रामपुर कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा है। जब से गठबंधन के तहत आरजेडी को यह सीट मिलने लगी तब से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम होने लगा। उनके कार्यकलाप में पार्टी के प्रति संवेदनशीलता, समर्पण एवं नैतिकता और पार्टी के सच्चे प्रहरी के रूप में निष्ठावान रहना ही एक अच्छे सोच को दर्शाता है .

## सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : बीडीओ



**संवाददाता । लातेहार**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है. सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने आगे कहा कि सरकार आपके गांव आई है, ग्रामीण इसका लाभ लें. शिविर का शुभारंभ बीडीओ मनोज कुमार तिवारी और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान के लिए आश्वस्त किया. बीडीओ ने कहा कि सरकार की यह पहल जनता तक सीधे पहुंचने और उनकी समस्याओं को सुनने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है. उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया. कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने अपने दस्तावेजों का नवीनीकरण कराया और कई नए आवेदनों को भी मंजूरी दी गई. शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे.

### शांतनु कु पांडे अध्यक्ष और अश्विनी व प्रमोद पांडे सचिव बनाए गए

**लातेहार।** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए शहर के बिशनपुर ग्राम में आम लोगों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में गत वर्ष के आय और व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया एवं आयोजन की सफलता के लिए कमेटी का गठन किया गया. आयोजन समिति का अध्यक्ष शांतनु कुमार पांडे को बनाया गया. जबकि उपाध्यक्ष सर्वेश्वरी पांडेय और अजय पांडेय, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय व पुरुषोत्तम पांडेय को बनाया गया है. जबकि सचिव अश्वनी पांडेय और प्रमोद पांडेय, अप सचिव राकेश रंजन पांडेय, मीडिया प्रभारी वासुदेव पांडेय, संतोष पांडेय और धीरज पांडेय को बनाया गया है. संरक्षण मंडली में नरोत्तम पांडेय, ऋषिकेश पांडेय और आशीष पांडेय तथा कार्यकारिणी सदस्यों में दीपक पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश पांडेय एवं जयप्रकाश पांडेय को शामिल किया गया है.

## आजसू का बेरोजगारों का डाटा संग्रह अभियान संपन्न



**संवाददाता । लातेहार**

आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व में शहर का बाईपास रोड में बेरोजगारों के डाटा संग्रह अभियान किया गया. जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को पहचानना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना है. इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाईपास रोड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर बेरोजगार युवाओं से संपर्क किया और उनका डाटा संग्रहित किया. इस अभियान में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और उन्होंने अपनी समस्याओं को पार्टी के समक्ष रखा. आजसू पार्टी द्वारा संपूर्ण राज्य में चलाए जा रहे इस डाटा संग्रह अभियान का उद्देश्य राज्य भर के बेरोजगारों की वास्तविक स्थिति को समझना और इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है. पांडेय ने बताया कि पार्टी द्वारा एकत्रित किए गए इस डाटा की आगामी आठ सितंबर को मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा. जिससे सरकार को युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जाएगी.

**समस्या**

### तिरपाल व करकट डाल कर अपने बच्चे के साथ रहने को विवश विवाहिता

# एक वर्ष से आवास योजना का लाभ लेने के लिए भटक रही महिला

**पवन सिंह । हुसैनाबाद(पलामू)**



हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में आज भी कई ऐसे गरीब परिवार हैं, जिन्हें रहने के लिए घर नहीं है. जबकि सरकार हर वैसे गरीबों को आवास दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है. किंतु प्रखंड में बैठे बाबूओं की मनमानी व उगाही का खामियाजा भुगतने के लिए आवास विहीन गरीब परेशान हैं.

बैरांव पंचायत के खेकसाही गांव कि घर विहीन महिला रुबी देवी पति रंजन प्रसाद ने बताया कि मेरे पास घर नहीं है. दिल्ली में रहकर मेरे पति मजदुरी कर हम सभी परिवार का भरण पोषण करते हैं. उन्होंने कहा कि लगातार दो वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना को लेकर पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय का चकर लगाते रहे. उन्होंने कहा कि तिरपा व करकट डाल कर रह रहे हैं. किंतु प्रखंड में बैठे बीडीओ व पंचायत सचिव को दया नहीं आई. उन्होंने कहा कि की बार पंचायत सेवक व पंचायत सचिव घर का मोआयना कर ले भी गया. किंतु उसका कोई फलाफल नहीं निकला. उन्होंने कहा कि जीओ टैग के बाद भी अबतक आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला.

महिला रुबी देवी ने अपनी व्यथा कह फफकने लगी. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है. बीडीओ ही भ्रष्टाचार में शामिल है. उन्होंने कहा कि की लोगों का पक्का का मकान होते हुए भी उन्हें दुसरे बार भी आवास योजना कि लाभ दिया गया, जो जांच के बाद सचाई सामने आएगी. इधर बैरांव पंचायत के मुखिया आतमेश कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि महिला का सुची में नाम है, किंतु सिरियल नंबर में नाम पिछे होने के कारण अबतक उक्त महिला को आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है. उन्होंने कहा कि इस वर्ष उक्त महिला को हरहाल में आवास योजना का लाभ मिलेगा. सुची में भी रुबी देवी पति रंजन प्रसाद का नाम अंकित है. बताते चलें कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अबुआ आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना में लगातार धांधली की सिकायत मिल रहा है. इसे लेकर कई पंचायत में उप विकास आयुक्त के निर्देश पर जांच टीम गठित कर जांच भी की जा रही है. किंतु कारवाई नहीं होने के कारण भ्रष्टाचार चरम पर है.

### बालूमाथ पुलिस ने चतरा के अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चतरा के अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया है. बालूमाथ थाना कांड संख्या 143/2023 धारा आईपीसी 409,420 के प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा, पिता-प्रभात मिश्रा, बुचीदारी छठ तालाब रोड चतरा के घर पर चतरा पुलिस के सहयोग से इश्तिहार चिपकाया है. मौके पर बालूमाथ थाना में पदास्थापित एएसआई संजय चौधरी ने बताया कि एक फ़ाइनान्स कंपनी में कार्य करने के दौरान अभियुक्त द्वारा लगभग सोलह लाख रूपये गबन किये जाने के मामले में न्यायालय द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है. एक महीने के अंदर सरेंडर करने का मोहलत दिया गया है.

### बिनोद सिन्हा ने जन संवाद यात्रा में सुनी जन समस्या



**पांकी(पलामू)।** विधानसभा चुनाव के भावी विधायक प्रत्याशी विनोद सिंह ने जन संवाद यात्रा के माध्यम से पूरे पांकी विधानसभा में जन समस्या सुन रहे हैं. इसी क्रम में मंगलवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम चलाया. जन समस्याओं को सुना. जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संवाद करते हुए कहा की बुनियादी सुविधाओं कर घोर अभाव हे.आम आवाम लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है. दूब पंचायत में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिनोद सिन्हा ने कहा कि यदि आप सबों की आशिर्वाद और सहयोग से विधायक बनें तो इन सभी मूलभूत समस्याओं को समाधान करना पहली प्राथमिकता होगी. कार्यक्रम में दूब पंचायत समिति बबलू भुइंया, मुखिया प्रतिनिधि यशवंत राम, सलेंदर सिंह, पुष्पा देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से मंगलवार को दारू प्रखंड के इरगा में महिला संकूल संगठन के सहयोग से संकलन कैंप लगाया गया. इसमें पीएम विश्वकर्मा योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई. इस दौरान गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया. मौके पर मुख्य रूप से अशोक शुक्ला, रानी शुक्ला, संगीता कुमारी, किरण कुमारी, काजल कुमारी, रानी कुमारी, उर्मिला देवी एवं रीता देवी सहित आदि लोग उपस्थित थे.

#### 45 लाख की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** उत्पाद विभाग ने मंगलवार को 45 लाख का अवैध शराब पदमा से जब्त किया. बताया जा रहा है कि पंजाब से कंटेनर में शराब लेकर पटना ले जायी जा रही थी. इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि चंडीगढ़ से अवैध शराब लेकर दो तस्कर पटना जा रहे थे. कंटेनर से 450 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है, जो ड्यूटी फ्री है. उन्होंने यह भी बताया कि पदमा के एक आरोपी विनोद कुमार मेहता शराब लेकर पटना निवासी अमित कुमार सिंह के पास लेकर जा रहा था. विनोद कुमार मेहता को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. शराब की कीमत लगभग 45 लाख रुपये बताई गई है.

#### विस चुनाव में महिलाओं की भागीदारी रहेगी

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत बरमसिया गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया गया. इस जन जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रूपा महतो ने महिलाओं को जोड़ने पर बल दिया गया तथा रूपा महतो ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी हमेशा बढ़-चढ़कर रहेगी तथा हर टोला गांव मोहल्ला में महिलाओं को जोड़ा जाएगा. टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत किया जाएगा. इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने एकजुटता का परिचय दिया. महिलाओं में टाइगर जयराम महतो के प्रति काफी रुझान है, सभी का उम्मीद, आस, विश्वास टाइगर जयराम महतो ही है, क्योंकि जब तक अच्छा नीति नियम नहीं बन पाता है. तब तक झारखंड का विकास संभव नहीं हो पाएगा.

**विश्वासघात :** गुरु की गरिमा तार-तार, विद्यालय संचालक के 10वीं की छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार से आहत अभिभावक

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में सनराइज एकेडमी के निदेशक पर एफआईआर

**शुभम संदेश फॉलोअप**

संवाददाता। हजारीबाग

आम धारणा है कि निजी विद्यालयों में अनुशासन के साथ अच्छी शिक्षा दी जाती है. इस विश्वास के साथ आम लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन कुछ शिक्षक गुरु और शिष्य के रिश्ते को तार-तार कर शिक्षा के मंदिर को भी अपवित्र करने का काम कर रहे हैं. इसी तरह का मामला बरही स्थित करियातपुर के एक प्राइवेट स्कूल में सामना आया है, जहां सैकड़ों बच्चे



आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय में तोड़फोड़ और आरोपी के साथ मारपीट की.

पठन-पाठन करते हैं. इस विद्यालय में 10वीं तक की पढ़ाई होती है. इस स्कूल के डायरेक्टर पर एक छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया है.

घटना सोमवार की बताई जा रही है. करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश प्रसाद पर दसवीं कक्षा की छात्रा के परिजनों द्वारा उनकी बच्ची के साथ छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पर धावा बोल दिया और तोड़फोड़ करने के साथ ही आरोपी के साथ जमकर मारपीट की. इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय को शीघ्र बंद करने की मांग की. घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार व इंस्पेक्टर आभास कुमार को दूसरे थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा. पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है. वहीं आरोपी विद्यालय निदेशक घायल अवस्था में अस्पताल में उपचाराधीन है. इस बीच, निदेशक की पत्नी ने अपने पति पर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद और झूठा करार दिया है. उन्होंने कहा कि साजिश के तहत उनके पति को फंसाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने उनके पति के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए और उनको इलाज के लिए तुरंत रेफर कर दिया गया.

यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है. हालांकि, ग्रामीणों के गुस्से और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है. प्रशासन इस मामले को शांतिपूर्वक हल करने के प्रयास में जुटा है, लेकिन स्थानीय लोगों में गुस्सा कायम है.

#### क्या हैं आरोप

सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश साव पर छात्रा के पिता का आरोप है कि बीती 29 अगस्त को स्कूल में रजिस्ट्रेशन के बहाने उनकी बेटी को बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार एवं दुष्कर्म का प्रयास किया. परिजनों ने बताया कि निदेशक ने बालिका को अकेले में बुलाया और उसके साथ अनुचित तरीके से व्यवहार किया. इस घटना के बाद उनकी बेटी मानसिक रूप से बहुत आहत हो गई थी. वह इस सदमे से उबर नहीं पा रही और बार-बार आत्महत्या का प्रयास कर रही है. यह घटना न केवल छात्रा, बल्कि उसके परिवार के लिए भी अत्यंत दर्दनाक साबित हो रही है. वहीं जिपस प्रतिनिधि गणेश यादव ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है.

इस घटना से अन्य अभिभावकों का भी धीरे-धीरे निजी विद्यालय पर से विश्वास उठता जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है स्कूल एक मंदिर होता है और जिस स्कूल के शिक्षक और प्रिंसिपल ही भक्षक हैं वह बच्चे का भविष्य कैसे सवार सकता है. ग्रामीणों ने सभी अभिभावकों अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों का भविष्य संवारने के लिए स्कूल की जांच पड़ताल अवश्य करें. बीच-बीच में जाकर स्कूल की जांच और पूछताछ भी करनी चाहिए.

**खेलकूद :** कुजू में सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिता का समापन

# जोबला की टीम बनी नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

संवाददाता। रामगढ़

क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से कुजू में आयोजित सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को हुआ. इसमें मांडू प्रखंड की 32 टीमों ने भाग लिया. टूर्नामेंट का उद्घाटन 25 अगस्त को सांसद ने किया था. फाइनल मुकाबला जोबला बनाम रंगूबेरा के बीच खेला गया, जिसमें 1 गोल से रंगुबेरा की टीम विजेता बनी. सांसद ने विजेता टीम को 25 हज़ार रुपये का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15 हज़ार रुपये का चेक एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी प्रदान की.

टूर्नामेंट में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों को सांसद की ओर से आकर्षक नमो जर्सी और सभी टीमों को फुटबॉल भेंट की गई. पुरस्कार वितरण समारोह में रामगढ़ भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, शिव प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद, रंजीत सिंह, प्रदीप गुप्ता, लोकेश सिंह, बंटी तिवारी, जयप्रकाश, दिलीप गोप और विक्रमादित्य ने उपस्थित होकर पुरस्कृत किया. मौके पर भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल का क्षेत्र के खेल खिलाड़ियों के उत्थान को लेकर यह पल सराहनीय और प्रेरक है. टूर्नामेंट की संचालन समिति में अध्यक्ष अशोक प्रसाद, सचिव राजेश प्रसाद, सदस्यगण मुकेश, रत्न प्रसाद, रवि साहु, आशीष कुमार और मुन्ना भाई रहे, जिन्होंने इस टूर्नामेंट के सफल संचालन में सराहनीय भूमिका निभाई.



विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते आयोजक.

#### खेलो झारखंड जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में खेलो झारखंड के अंतर्गत 3 सितंबर से 13 सितंबर तक चलने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने रामगढ़ शहर के सिदो कान्हू मैदान में किया. खिलाड़ियों के बीच खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, योगा, एथेलेटिक्स, बैंड, हॉकी, चेस, वॉलीबाल, वुशू, क्रिकेट आदि खेलो का आयोजन किया जाएगा. वहीं विजयी खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने हेतु भेजा जाएगा. इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सभी खिलाड़ी प्रखंड स्तर पर विजेता बनकर जिला में पहुंचे हैं. खेलो झारखंड के माध्यम से वैसे खिलाड़ी जो सुदूरवर्ती इलाके से हैं, उन्हें खेलो झारखंड प्रतियोगिता के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका मिलता है. यहां से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी रामगढ़ जिले का खेल के क्षेत्र में नाम रोशन किया है. खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 14, 17 व 19 बालक वर्ग में कबड्डी एवं खो-खो खेल का आयोजन किया गया.

चितरपुर पूर्वी पंचायत में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : प्रमुख

- कई लोगों ने भरे विभिन्न योजनाओं के दिए आवेदन

संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर प्रखंड के चितरपुर पूर्वी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य रूप से मौजूद चितरपुर प्रमुख द्रौपती देवी, चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, झामुमो नेता मो शकील द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार आपके द्वार पहुंचकर योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही है. ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बने. इस शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं संबंधित



चितरपुर प्रखंड के चितरपुर पूर्वी पंचायत सचिवालय में लगा शिविर.

महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. साथ ही इस दौरान कई लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया. मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो, कांग्रेस नेता एहसान उल्लाह सहित कई लोग मौजूद थे.

**बेहतर ढंग से संचालित हो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम : मो शकील :** चितरपुर पूर्वी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड सचिव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जाना है ताकि लोगों को भटकना न पड़े. इसलिए उन्होंने अधिकारियों से बेहतर तरीके से कार्य करने की बात कही. साथ ही गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की भी बात कही.

#### कुष्ठ रोग खोज अभियान कार्यों का किया निरीक्षण

**रामगढ़।** कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत मंगलवार को सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने रामगढ़ शहर अंतर्गत हुहुवा एवं कोठार क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत सर्वे व हाउस मार्किंग कार्यों का जायजा लिया. वहीं कार्य में लगे स्वास्थ्य कर्मियों से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए सर्वे के दौरान किसी भी संदिग्ध कुष्ठ रोगी की पहचान होने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

## राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने किया रामगढ़ जिले का भ्रमण

संवाददाता। रामगढ़

कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा मंगलवार को रामगढ़ जिले का भ्रमण किया गया. इस दौरान उनके द्वारा ट्रॉमा सेंटर एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षक किया गया. निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ डॉ. तुलिका रानी को 28 अगस्त से 13 सितंबर तक संचालित कुष्ठ रोग खोज अभियान जिसमें सहिया एवं सीएचओ के माध्यम से सभी घरो में जा कर पूर्ण शारीरिक जांच एवं लक्षण पाये जाने पर सीएचसी पर उनके माध्यम से भेजा जाना है. साथ ही स्कूलों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिकित्सकों द्वारा सभी बच्चों की जांच की जानी है. ट्रामा सेंटर में भ्रमण के दौरान उन्होंने वहा दवा की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थित आदि का जायजा लिया. साथ ही उन्होंने ट्रॉमा सेंटर पर 24 घंटे आपातकालीन सेवा बहाल रखने सहित अन्य निर्देश दिए.

कांग्रेस नेता डॉ मेहता ने दारू प्रखंड के गांवों में किया जनसंपर्क, कहा

# केंद्र की नीतियों ने बढ़ाई बेरोजगारी

संवाददाता। हजारीबाग

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने मंगलवार को दारू प्रखंड के झुमरा जिनगा सिंघानी इत्यादि गांवों में जनसंपर्क किया. इस दौरान जबरा की सभा में डॉ मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास हेतु नौजवानों को रोजगार अति आवश्यक है. बेरोजगारी का मुख्य कारण केंद्र सरकार की गलत नीतियां हैं. देश के सैकड़ों सरकारी उपक्रमों जैसे- रेल, बैंक, एलआईसी, सीसीएल, बीसीसीएल, बीएसएनएल, यूनिवर्सिटी, हवाई जहाज इत्यादि सरकारी संस्थानों को देश के धनाढ्य व्यापारियों को केंद्र सरकार ठेके पर दे रही है. इस कारण सरकारी नौकरियों कमी हो गई. नौजवान बेरोजगार हो रहे हैं. आज देश में बेरोजगारी के कारण छात्र, किसान, मजदूर आत्महत्या कर रहे हैं, जबकि झारखंड सरकार हजारों नौकरियां दे रही है. सरकार गरीब बहनों को मंईयां योजना के तहत



जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता.

1000 रुपये प्रत्येक महीना दे रही है, जो झारखंड वासियों के लिए बड़ा तोहफा है. इसलिए झारखंड में इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा है और झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी. उन्होंने कहा कि हजारीबाग का बेटा हूं, हजारीबाग के कल्याण हेतु आजीवन संघर्ष करता रहूंगा. जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता तुलसीदास कुशवाहा, रामचंद्र भुइया, संजय रविदास, राकेश गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा, उदय राम, मोहम्मद नजीबुल, संतु कुमार, शौकत अली, गणेश सिंह, मोहम्मद नौशाद, शौकत अली, मोहन कुमार, मोहम्मद एनुअल, रविदास मोहम्मद, कुदुस मोहम्मद, आसिम अमजद, हारुण खान, मोहम्मद बशारत, मोहम्मद बड़ा, शौकत अली, एमडी जावेद, मोहम्मद जाकिर, असीम मोहम्मद, तसलीम मोहम्मद, सरोज मोहम्मद, सिराज, कृष्ण कुमार सिंह, बलदेव राम, मोहम्मद अयूब, देवंती देवी, रजिया खातून, राहुल सिंह इत्यादि शामिल रहे.

# रक्तदान शिविर में प्रशस्ति पत्र के साथ भेंट किए गए हेलमेट

- रक्तदाताओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता। रामगढ़

कामरेड जेपी चौबे की पुण्यतिथि पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा द्वारा तीन सितंबर को रेलवे अस्पताल बरकाकाना में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सहित हेलमेट भेंट कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट पहन कर दुपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया. मुख्य अतिथि मंडल यातायात प्रबंधक राजहंस सिंह, सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद, जोनल सचिव एआईआरएफ ओपी शर्मा, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ नम्रता, ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो. ज्याउद्दीन, शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, संगठन सचिव संजय कुमार, सह सचिव मो हलीम अंसारी, डीके नायक, डीके मोइत्रा, अमर यादव, ईश्वर आदि मौजूद रहें. ईसीआरकेयू हाजीपुर जोनल युवा कमिटी के संयुक्त सचिव अमर कुमार सिंह तथा आरवाईएफ़ सचिव पूजा सिंह ने बताया कि हेल्थ पॉइंट ब्लड बैंक रांची के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है जिसमें रिवोल्यूशनरी यूथ फाउंडेशन, संकल्प रक्तसेवा, जीवन वाटिका आदि का भी योगदान रहा.



रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य.

केबी महिला महाविद्यालय में वार्षिक फैशन शो का किया गया आयोजन

# सांस्कृतिक फ्यूजन की रही धूम

संवाददाता। हजारीबाग

केबी महिला महाविद्यालय के फैशन डिज़ाइनिंग विभाग की ओर आयोजित वार्षिक फैशन शो में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अजय कुमार सिन्हा ने की, जबकि विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति-सह-आयुक्त सुमन कैथरीन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं. इस वर्ष के फैशन शो की थीम संस्कृति का संगम इंडो-वेस्टर्न और पारंपरिक थी, जिसमें 100 से अधिक डिज़ाइनर्स और मॉडल्स ने भाग लिया. विद्यार्थियों ने पारंपरिक और आधुनिक फैशन का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया. मुख्य अतिथि सुमन कैथरीन ने अपने संबोधन में कहा कि फैशन डिज़ाइनिंग केवल वस्त्रों की डिज़ाइनिंग नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम है. इस शो के माध्यम से विद्यार्थियों ने जिस रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसा के योग्य है. प्राचार्य अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है.



वार्षिक फैशन शो में पूनम ने पहला पुरस्कार जीता.

**विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना :** रजिस्ट्रार डॉ. मोख़्तार आलम, वित्तीय पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुशवाहा, और सिंडिकेट सदस्य डॉ. सुरेंद्र सिन्हा ने भी विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की. वहीं फैशन शो में सोहराय कला पेंटिंग के प्रदर्शन के लिए पूनम ताना भगत को पहला पुरस्कार मिला, जबकि खुशी चौहान और अंजलि भगत को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला. इस कार्यक्रम ने महाविद्यालय में फैशन के क्षेत्र में हो रहे नवाचार और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को एक नया आयाम दिया है. अंत में, समन्वयक डॉ. शकुंतला कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी. कार्यक्रम का संचालन ज्योता रॉय और श्वेता श्रीवास्तव ने किया, जबकि निर्णायक मंडली में डॉ. रेणु बोस और डॉ. ममता कच्छप शामिल थीं.

**पहल** आईसेक्ट विवि में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के जरिए नए विद्यार्थियों का स्वागत

# नियमित परिश्रम ही सफलता की कुंजी : डॉ मुनीष गोविंद

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ ही नया सत्र शुरू हो गया. बता दें कि इसके लिए तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद नवागंतुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि दरअसल दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें विश्वविद्यालय की विशिष्ट प्रकृति व संस्कृति सिखाना है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों से सही आचरण बनाए रखने और एक कामयाब इंसान बनने के लिए अच्छी पुस्तकें पढ़ने और आज के प्रतियोगी युग में जीतने के लिए ज्ञान बढ़ाने की सलाह दी. वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने नियमित परिश्रम को जीवन के सफलता का आधार बताते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता तभी कदम चूमेगी जब ईमानदारी से समय का सदुपयोग करते हुए निर्धारित लक्ष्य की ओर नियमित परिश्रम किया जाये. विश्वविद्यालय विद्यार्थियों आवश्यक सुविधाएं मुहैया करा रहा है. साथ ही शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया के एक सहायक वातावरण प्रदान करने का आश्वासन भी विद्यार्थियों को दिया.



दीक्षारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता.

#### 'ओ पालन हारे...' सुनकर मंत्रमुग्ध हुए लोग

इस दौरान सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग से डॉ बिनिता कुमारी व राजेश रंजन, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार, आर्ट्स एंड ह्यूमनिटीज विभाग से डॉ प्रीति कुमारी, फार्मेसी विभाग से यशवंत कुमार, विज्ञान विभाग से एचओडी सबीता कुमारी, परफॉर्मिंग आर्ट्स से कुमारी सीमा, लॉ विभाग से डॉ जयदीप सन्याल व कोमल पल्लवी भेंगरा व इंजीनियरिंग विभाग से हिमांशु चौधरी ने अपने अपने विभाग की उपलब्धियां और अहम जानकारियां सभी विद्यार्थियों से साझा की. इस खास मौके को यादगार बनाने के लिएविभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए.

# मुनि श्री के सानिध्य में तीन दिवसीय सामायिक शिक्षण शिविर का समापन

- शिविर में प्रतिदिन लगभग 250 स्त्री पुरुष शामिल हुए

संवाददाता। हजारीबाग

परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में सामायिक शिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ. तीन दिवसीय यह कार्यक्रम दिगंबर जैन भवन, बड़ा बाजार में संपन्न हुआ. बताते चलें सामायिक की प्रक्रिया में साधक एकाग्रता पूर्वक मन-वचन-काय की चंचलता को निरोध करके एकांत स्थान में वस्त्र-शुद्धि,शरीर- शुद्धि, और आसन-शुद्धि पूर्वक अपने शुद्ध स्वरूप का चिंतवन करते हैं. सभी यह ध्यान करते हैं कि मैं एक शुद्ध बुद्ध सच्चिदानंद स्वरूप कारण परमात्मा हूं तथा देह, मन, वाणी, मोह, राग - द्वेष आदि मुझसे भिन्न हैं. जैसे स्थिर जल में अपना रूप दिखाई देता है वैसे ही स्थिर उपयोग में आत्म स्वरूप दिखाई देता है. इस प्रकार का अनुभव करना ही वास्तव में सामायिक है. तीन दिवसीय सामायिक शिक्षण शिविर में प्रतिदिन लगभग 250 स्त्री पुरुष शामिल हुए.



सामायिक शिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित लोग.

